# कोटा में ज्वैलरी कारखाने से सवा करोड़ का सोना चुरा ले गया कारीगर

## बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले ही करखाने में काम करने आया था कारीगर

**कोटा,** (निसं)। महावीर नगर थाना इलाके में सोने-चांदी के व्यापारी के कारखाने से कारीगर द्वारा करीब सवा करोड़ की कीमत के 761 ग्राम सोने के आभूषण की चोरी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले कार्य करने आए कारीगर ने कारखाने की चाबी चुरा ली और उसके बाद तिजोरी में रखे हुए सोने की ज्वैलरी को लेकर फरार हो गया। पूरा घटनाक्रम कारखाने में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। कारखाने के मालिक ने चोरी की रिपोर्ट महावीर नगर थाने में दी, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

- **कारीगर ने कारखाने की चाबी चुरा ली और तिजोरी में रखी सोने की ज्वैलरी को लेकर फरार हो गया**
- **जब रात के समय मैनेजर खाना खाने के लिए गया था, तब घटना को अंजाम दिया, पूरा घटनाक्रम कारखाने में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ**

स्वर्ण रजत मार्केट के अध्यक्ष पीड़ित कपिल सोनी ने बताया कि उनकी स्वर्ण रजत मार्केट में सोने-चांदी की दुकान है और कारखाना महावीर नगर द्वितीय में है। जहां पर उन्होंने राजकोट से शनिवार को इमरान मलिक नाम के नए कारीगर को रखा था, इसके अलावा अन्य कई कारीगर और स्टॉफ भी वहां पर रहते हैं। कपिल सोनी ने बताया कि कारीगर इमरान रविवार को कारखाना बंद होने के दौरान कारखाने की चाबी चुराकर तिजोरी में रखा 761 ग्राम सोना चुरा कर ले गया है जिसकी कीमत सवा करोड़ के आसपास की है। पूरा घटनाक्रम कारखाने में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। जब रात के समय मैनेजर खाना खाने के लिए गया था, तब यह घटना को अंजाम दिया।

कपिल सोनी ने बताया कि कारिगर के पास मिले आधार कार्ड पर कोलकाता का पता था। इमरान ने शनिवार को काम किया और रविवार को सात बजे करीब वह कारखाने में रहा और अचानक से गायब हो गया, जिस पर देखा तो तिजोरी खुली मिली और उसमें रखी 761 ग्राम सोने की ज्वैलरी गायब थी। महावीर नगर थाने में मामला दर्ज करा दिया है।

महावीर नगर थाने के एसआई कमल किशोर ने बताया कि महावीर नगर सेकंड निवासी कपिल सोनी ने उनके कारखाने में काम करने वाले कारिगर के खिलाफ 761 ग्राम सोने के आभूषण चोरी करके ले जाने की रिपोर्ट दी है। एसआई ने बताया कि कारीगर का पुलिस वेरिफिकेशन भी नहीं करवाया था, फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# खेत में काम करते करंट से अधेड़ की मौत

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। सदर थाना क्षेत्र के बाढ़ रामसर गांव में मंगलवार सुबह खेत में काम करते समय करंट लगने से एक बुजुर्ग किसान की मौत हो गई। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार, बाढ़ रामसर निवासी रामप्रसाद (61) पुत्र नंद कोरया मंगलवार सुबह अपने सरसों के खेत में सिंचाई कर रहे थे। इसी दौरान खेत में जमीन पर रखे ट्रांसफॉर्मर से अचानक करंट फैल गया। करंट की चपेट में आने से वे गंभीर रूप से झुलस गए और मौके पर ही गिर पड़े। आसपास काम कर रहे लोगों ने रामप्रसाद को अचेत अवस्था में देखा। उन्होंने तत्काल परिजनों को सूचना दी। परिजन रामप्रसाद को गंगापुर सिटी के राजकीय जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया और पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# ट्रक-कार की टक्कर में दर्जनभर लोग घायल

**सरमथुरा,** (निसं)। बरौली गांव के पास धौलपुर-करौली हाइवे पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। ट्रक और कार की टक्कर में दर्जनभर से अधिक लोग घायल हो गए। दोनों वाहनों की आमने-सामने की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उसमें सवार कई लोग गंभीर रूप से चोटिल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस की टीमें मौके पर पहुंची और घायलों को सरमथुरा सीएचसी पहुंचाया। गंभीर घायल मरीजों को उच्च चिकित्सालयों में रेफर कर दिया गया है। घायल व्यक्ति उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के शमशाबाद के निवासी बताए जा रहे हैं। घायलों में मोहित (10), लकी (12), सोनू (40), इकबाल (40), अंजलि (25) और देवेंद्र (45) सहित अन्य लोग शामिल हैं।


**Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.JAIPUR**

No.NIT/2025-26/33797-810 | निविदा सूचना /2025-26 | Date:27.01.2026

निम्नलिखित कार्य के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है-

| कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (रू.) | निविदा सूचना संख्या |
|---|---|---|
| Construction of New VC Secretariate and Admn. Cell in VMOU Kota. UBN: RRC2526WSOB01122 | 361.11 Lakh | अल्पकालीन 639/25-26 |
| Electrical work at Nursing College and Hostel at Nimbahera, Chittorgarh. UBN: RRC2526WSOB01134 | 201.00 Lakh | 642/25-26 |
| HT/LT Line Shifting work from Bandh Baretha to Uchain via Kheriya Mod. UBN: RRC2526WSOB01135 | 334.54 Lakh | 642/25-26 |
| Construction of Major Bridge & Bypass at Sewla Village on Bandh Baretha to Uchain via Kheriya Mod Road. UBN: RRC2526WLOB01141 | 2089.39 Lakh | अल्पकालीन 647/25-26 |

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

महाप्रबंधक


# हाइवे पर मादक पदार्थ बेचने वाला होटल संचालक गिरफ्तार

**सांभरझील,** (निसं)। गिलानी में होटल संचालक द्वारा ट्रक चालकों व राहगीरों को अवैध मादक पदार्थ सप्लाई करने के मामले में मोखमपुरा पुलिस ने सूचना तंत्र के आधार पर दबिश देकर आरोपी के कब्जे से होटल में प्लास्टिक के कट्टे में छिपाकर रखा गया 38.375 किलोग्राम डोडा-पोस्त छिलका जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई को थानाधिकारी मोखमपुरा सुरेश कुमार ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी दूदू दीपक खण्डेलवाल के निकटतम सुपरविजन में अंजाम दिया।

- **38 किलोग्राम डोडा-पोस्त छिलका जब्त, पूछताछ जारी**



मोखमपुरा पुलिस ने डोडा-पोस्त छिलका जब्त किया।

पुलिस के अनुसार अपराधियों के संबंध में आसूचना संकलन कि तो एनएच 48 जयपुर से अजमेर रोड़ एक होटल तन गिदानी पर होटल चलाने वाले आरोपी जगदीश द्वारा अवैध मादक पदार्थ रखना पाया किया जिसे जब्त कर आरोपी जगदीश को गिरफ्तार किया गया। वहीं आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपी से पूछताछ की तो किराये से होटल चलाना बताया है। जब्तशुदा मादक पदार्थ डोडा-पोस्त छिलका की वर्तमान में अनुमानित बाजार की कीमत करीब 1 लाख रुपये है। गिरफ्तार आरोपी अवैध मादक पदार्थ कहां से खरीदता है, के संबंध में अनुसंधान किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी जगदीश निवासी कटसुरा पुलिस थाना अरांई जिला अजमेर का रहने वाला है।

**होटल के बाहर युवक-युवतियों ने किया हंगामा :** कोटा के महावीर नगर थाना इलाके में सोमवार देर रात्रि को एक होटल के बाहर तीन युवक व दो युवतियों द्वारा हंगामा करने का मामला सामने आया है। हंगामे की सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हंगामा कर रहे युवक व युवतियों को डिटेन कर पकड़कर थाने ले गई, तब जाकर मामला शांत हुआ। जानकारी के अनुसार इलाके में स्थित एक होटल के बाहर तीन युवक व दो युवतियों ने हंगामा कर दिया। मामले में सामने आया कि राहगीरों ने बीच-बचाव का प्रयास किया तो उन्होंने शराब की बोतलें फैंकना शुरू कर दी। हंगामे की सूचना लोगों ने पुलिस को दी, सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हंगामा कर रहे युवकों व युवतियों को डिटेन कर थाने ले आई। महावीर नगर थाने के एसआई कमल किशोर ने बताया कि इलाके में एक होटल के बाहर हंगामे की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। एसआई ने बताया कि सभी को पकड़कर पेश कर पाबंद कराया गया।

# छबड़ा में बरसात के बाद सर्दी लौटी

**छबड़ा,** (निसं)। छबड़ा क्षेत्र में मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है। मंगलवार रुक-रुककर तो कभी तेज बारिश हुई। एक तरफ जहां इस बारिश को रबी की फसलों के लिए अमृत माना जा रहा है, वहीं अचानक हुई बारिश से बढ़ी सर्दी ने आमजन की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। यहां मंगलवार को सुबह से ही बादलों की आवाजाही जारी थी। दोपहर होते-होते आसमान काले बादलों से घिर गया और मेघ गर्जना के साथ बारिश शुरू हो गई। देखते ही देखते बारिश कभी तेज तो कभी हल्की होती रही, जिससे तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। अचानक बढ़ी इस गलन ने लोगों को घरों में एक बार फिर से दुबकने पर मजबूर कर दिया है। वही सड़कों से पानी बह निकला।

- **इस बारिश को रबी की फसलों के लिए अमृत माना जा रहा है**



छबड़ा में हुई बारिश से सड़कें तरबतर हो गई।

**किसानों के लिए मावठ बनी वरदान :**-भले ही बारिश से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हुआ हो, लेकिन किसानों के चेहरों पर इस बारिश ने खुशी की चमक बिखेर के रख दी है। रबी की फसल करने वाले किसान बेहद खुश है, क्योंकि शीतकालीन इस वर्षा यानी मावठ से सरसों और गेहूं की फसलों को फायदा होगा। किसानों का मानना है कि इस बारिश के पानी से फसल की पैदावार बढ़ेगी और दानों में चमक आएगी। हालांकि, कुछ निचले इलाकों में जहां बारिश के कारण पानी इकट्ठा हो गया है, वहां फसलों के नुकसान की आशंका भी जताई जा रही है। वही डॉक्टरों ने सलाह दी है कि बारिश के बाद चलने वाली शीतलहर और अधिक घातक हो सकती है, इसलिए गर्म कपड़ों और सावधानी का विशेष ध्यान रखें। मौसम विभाग की मानें तो पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से यह बदलाव आया है।

**आगामी घंटों के लिए चेतावनी :**-मौसम विभाग के अनुसार, आगामी 24 घंटों में बारां, कोटा सहित कई जिलों में कहीं-कहीं बादल गरजने के साथ हल्की बारिश होने, बिजली कड़कने, ओले गिरने और 20 से 30 किमी पीएच की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है।

**तहसील परिसर में लगे पेड़ में दौड़ा करंट :** छबड़ा नगर में मंगलवार देर शाम हवा व मेघ गर्जना के साथ हुई बारिश से तहसील परिसर में लगे पेड़ में समीप से गुजर रही विद्युत लाइन के सम्पर्क में आने से विद्युत स्पार्किंग के साथ करंट दौड़ गया। कुछ देर बाद विद्युत स्पार्किंग के साथ-साथ जोरदार आवाज भी आई। जिससे कुछ देर के लिए समीप के दुकानदार सकते में आ गए। गनीमत रही है कि कोई इसकी चपेट में नहीं आया, क्योंकि तहसील परिसर के बाहर मुख्य सड़क किनारे फल-सब्जी के ठेले लगते हैं और मुख्य मार्ग होने से आवागमन सुचारु रहता है।


**कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति बाड़ी (धौलपुर)**

क्रमांक-प.स.ब./ई-निविदा/2025-26/116 | दिनांक-19.01.2026

**ई-निविदा सूचना 08/2025-2026**

पंचायत समिति बाडी की अधीनस्थ ग्राम पंचायतों के 31 आंगनवाडी केन्द्रो में राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ 2025-26) के अन्तर्गत मरम्मत कार्य हेतु राज्य/केन्द्र सरकार के अधिकृत विभिन्न विभिन्न विभागों में पिंजीकृत संवेदकों से कार्य कराने हेतु दिनांक 29.01.2026 दोपहर 03.00 बजे तक ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोली विशिष्टीया आदि का विस्तृत विवरण https://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in देखा जा सकता है।
NIB NO.:ZDH2526A0524, UBN NO. ZDH2526WSOB00670, ZDH2526WSOB00671, ZDH2526WSOB00672

विकास अधिकारी
पंचायत समिति बाडी

DIPR/C/1394/2026

**कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा, जालोर**

क्रमांक-जिशिअ/मु./माध्य./जा/लेखा/2026/14 | दिनांक-27.01.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या-3/बोर्ड परीक्षा 2026**

इस कार्यालय से बोर्ड परीक्षा-2026 के परीक्षा केन्द्रों की वीडियोग्राफी प्रतिष्ठित फर्मो/अनुभवी वीडियो ग्राफर से कराने हेतु ई-निविदा जारी की जाती है जिसकी अनुमानित लागत 25 लाख रूपये है। ई-निविदा दिनांक 30.01.2026 को दोपहर 12.30 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 30.01.2026 को दोपहर 03.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा संबंथी विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इन निविदाओं में भाग लेने वाले संवेदकों को निविदा इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट में वेबसाईट htpp://eproc.rajasthan.gov.in पर जमा करवानी होगी।
UNB NO. EDU2526SLOB00124

जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय) माध्यमिक जालोर

DIPR/C/1374/2026

**कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर**
कार्यालय भू-सम्पदा अधिकारी

**निविदा सूचना संख्या 25, 27 तथा 28/2025-26**

कार्यालय भू-सम्पदा अधिकारी, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा निम्न कार्यो हेतु उपयुक्त श्रेणी के समकक्ष संवेदक जो कि राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों में पंजीकृत हो, हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित पूर्ण विवरण वेबसाईट www.aujodhpur.ac.in, www.sppp.rajasthan.gov.in तथा www.eproc.rajasthan.gov.in देखा जा सकता है।
UBN No. JAU2526WSOB00175, 00178, 00181

राज.संवाद/सी/25/18451 | भू-सम्पदा अधिकारी

**कार्यालय नगरपरिषद, करौली (राज0)**
फोन न0 07464-294024 ई-मेल आईडी np.karauli@yahoo.com website- www.npkarauli.in

क्रमांक : न0परि0क0/निविदा/2025/4843 | दिनांक : 22.01.2026

**संशोधित ई-निविदा सूचना**

नगरपरिषद करौली द्वारा आमंत्रित ई-निविदा सूचना संख्या 4653 दिनांक 12.01.2026 की तिथिओं में निम्न प्रकार संसोधन किया जाता है।

| क्र.सं. | तिथिओं का विवरण | पूर्व की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 29.01.2026 समय 6:00 पीएम तक | 03.02.2026 समय 6:00 पीएम तक |
| 2 | भौतिक दस्तावेज जमा कराने की अंतिम तिथि | - | 04.02.2026 समय 4:00 पीएम तक |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि व समय | 30.01.2026 समय 2:30 पीएम तक | 05.02.2026 समय 02:00 पीएम तक |

राज.संवाद/सी/25/18515 | आयुक्त, नगरपरिषद, करौली


# कोटा में छात्र ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की

## हरियाणा का छात्र कोटा में रहकर जेईई की तैयारी भी कर रहा था

**कोटा,** (निसं)। उद्योग नगर थाना इलाके में 12 वीं कक्षा के छात्र द्वारा ट्रेन के आगे कूदकर सुसाईड करने का मामला सामने आया है। मृतक छात्र 12वीं कक्षा में पढ़ने के साथ ही कोटा में रहकर जेईई की तैयारी भी कर रहा था।

जानकारी के अनुसार दिल्ली-मुम्बई रेल लाइन पर छात्र ने ट्रेन के आगे कूदकर सुसाईड किया, सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और छात्र के शव की शिनाख्त हरियाणा के सिरसा जिले के गांव हिमांयूखेड़ा निवासी सरताज सिंह के रूप में की। उद्योग नगर थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि एक छात्र के ट्रेन के आगे कूदने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मौके पर मिले मृतक छात्र की पहचान हरियणा के सिरसर जिले का निवासी सरताज सिंह के रूप में की, जो राजीव गांधी नगर में एक हॉस्टल में रहता था। मृतक छात्र की पहचान होने के बाद परिजनों को सूचित किया गया। परिजनों के कोटा पहुंचने पर मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# प्राइवेट बस ने बाइक को 150 मीटर तक घसीटा, दम्पती घायल

**बीकानेर,** (निसं)। जिले के खाजूवाला क्षेत्र में प्राइवेट बस ने बाइक को ओवरटेक करने के दौरान चपेट पर ले लिया। बाइक सवार पति-पत्नी रोड पर गिर गए, जबकि बस बाइक को घसीटते हुए 150 मीटर तक ले गई। इस दौरान बस में सवार 50 सवारियां चिल्लाती रही लेकिन ड्राइवर ने ब्रेक नहीं लगाए। घटना खाजूवाला थाना इलाके में खाजूवाला-दंतौर रोड पर 21 केजेडी फांटा के पास हुई।

- **पति-पत्नी सड़क पर तड़पते रहे, लोग देखते रहे, पुलिस ने हॉस्पिटल पहुंचाया**

खाजूवाला थाना इंचार्ज सुरेंद्र कुमार प्रजापत ने बताया-हादसे में दंतौर (बीकानेर) निवासी बबलू बाजीगर और उनकी पत्नी सुमित्रा देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। खाजूवाला में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बीकानेर के लिए रेफर किया गया है।

गनीमत रही कि हादसे के दौरान वे बस के नीचे नहीं आए, वरना बड़ी घटना हो सकती थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस थाना खाजूवाला से एएसआई श्रवण कुमार, हेड कॉन्स्टेबल धारासिंह मीणा और हेड कॉन्स्टेबल खींयाराम जाट मौके पर पहुंचे। वहीं कॉन्स्टेबल राजूपाल, प्रेमकुमार, चालक प्रेमचंद, रामकुमार और 112 गाड़ी के चालक रामस्वरूप ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। खाजूवाला थाना इंचार्ज सुरेंद्र कुमार प्रजापत भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। पुलिस ने निजी बस और क्षतिग्रस्त मोटरसाइकिल को थाने में खड़ा करवा दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार हादसे के बाद घायल बबलू और उसकी पत्नी सुनिता पर सड़क पर गिरकर घायल हो गए। बस को ड्राइवर ने 200 मीटर दूर ले जाकर रोका। सवारियां बस से उतर गई। बाइक उस वक्त बस के आगे के हिस्से में फंसी हुई थी। कुछ लोग घायलों तक पहुंचे। बबलू और सुमित्रा काफी देर तक सड़क पर तड़पते रहे, मदद की गुहार लगाते रहे, लेकिन वहां लोग मूकदर्शक बने खड़े रहे। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उन्हें हॉस्पिटल पहुंचाया। लोगों ने यह भी बताया कि बस में करीब 50 सवारियां थी। हादसा होने के बाद बस में चीख-पुकार मच गई। बस के नीचे बाइक फंसी होने के कारण बस बेकाबू होकर पलट सकती थी। इसके बावजूद ड्राइवर बस दौड़ाता रहा और 200 मीटर दूर तक ले जाकर रोका और फरार हो गया। बाद में पुलिस ने बस को जब्त कर लिया।


**राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड**

**ई-निविदा सूचना संख्या-17 और 18 (2025-26)**

केन्द्र/राज्य सरकार के विभागों एवं रा.रा.वि.प्र.नि.लि. के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत/मान्य व अनुभवी निविदाकारो से ई निविदा सूचना संख्या-17(2025-26) के क्र0 स0 01 से 04 अधिशाषी अभियन्ता प्रथम (सिविल), रा0रा0वि0प्रसा0नि0लि0 बीकानेर व क्र0 सं0 05 से 06 अधिशाषी अभियन्ता (सिविल), रा0रा0वि0प्रसा0नि0लि0 रतनगढ व क्र0 सं0 07 से 10 अधिशाषी अभियन्ता (सिविल), रा0रा0वि0प्रसा0नि0लि0 भड़ला के अन्तर्गत कार्यो हेतु प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं एवं निविदा सूचना संख्या-18 (2025-26) के क्र.सं0 01 से 03 अधिशाषी अभियन्ता प्रथम (सिविल), रा0रा0वि0प्रसा0नि0लि0 बीकानेर व क्र0सं0 04 अधिशाषी अभियन्ता (सिविल), रा0रा0वि0प्रसा0नि0लि0 रतनगढ़ व क्र0सं0 05 से 08 अधिशाषी अभियन्ता (सिविल), रा0रा0वि0प्रसा0नि0लि0 भडला के अन्तर्गत कार्यो हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा शुल्क, निविदा बेचे जाने तथा खुलने की तारीख, धरोहर राशि व निविदा विशिष्टियां आदि का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in & www.rvpn.co.in पर देखा जा सकता है। UBN : VPN2526WSOBO2641, 2642, 2643, 2644, 2649, 2650, 2657, 2658, 2659, 2660, VPN2526WSOBO2645, 2646, 2647, 2648, 2651, 2653, 2655, 2656

अधीक्षण अभियंता (सिविल), बीकानेर

राज.संवाद/सी/25/18484 | रा.रा.वि.प्र.नि./TR-7356/2026

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**
लोहागल पंचशील रोड़, अजमेर (राजस्थान) फोन नं. 0145-2429971, 2429920

क्रमांक : T.W.S./2025-26/582 | दिनांक : 19.01.2026

**:: ई-निविदा सूचना संख्या /2026-27 ::**

नगर निगम, अजमेर की ओर से अजमेर नगर निगम एवं राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेन्ट प्रक्रिया से ट्राम्बे शाखा पर संचालित वाहनों का रख-रखाव हेतु वार्षिक दर अनुबंध के लिए ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है जिसमें अनुमानित व्यय 18,00,000/- है जो निम्नलिखित दिनांक अनुसार डाउनलोड तथा खोली जायेगी।

महत्त्वपूर्ण दिनांको का विवरण

| विवरण | दिनांक/समय |
|---|---|
| ऑन लाईन निविदा फॉर्म प्रारम्भ होने की दिनांक व समय | 21.01.2026/प्रातः 11:00 बजे |
| ऑन लाईन निविदा फॉर्म समाप्त होने की दिनांक व समय | 02.02.2026/सांय 06:00 बजे |
| ऑन लाईन तकनीकी निविदा खोलने की तारीख | 03.02.2026/प्रातः 11:00 बजे |

NIB code :-ANN2526A0204
UBN IS :-ANN2526SLOB00263

उपायुक्त
नगर निगम अजमेर

राज.संवाद/सी/25/18417


# दलित नाबालिग लड़की की हत्या, धरना जारी

**पोकरण,** (निसं)। पोकरण शहर में दलित समाज की एक नाबालिग लड़की की गुमशुदगी, बलात्कार और हत्या का मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त है। परिजनों का आरोप है कि नाबालिग लड़की को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म किया गया तथा बाद में उसकी हत्या कर शव को तालाब में फेंक दिया गया। हालांकि पुलिस प्रशासन का कहना है कि डॉक्टरों की विशेष टीम द्वारा मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही नाबालिग की मौत से जुड़े सभी तथ्यों की पुख्ता जांच की जाएगी और उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद नाबालिग लड़की की माता सहित परिजनों ने पुलिस प्रशासन पर कई गंभीर आरोप लगाए।

- **परिजनों का आरोप है कि नाबालिग लड़की को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म किया गया तथा बाद में उसकी हत्या कर शव को तालाब में फेंक दिया गया**
- **पुलिस प्रशासन का कहना है कि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही नाबालिग की मौत से जुड़े सभी तथ्यों की पुख्ता जांच की जाएगी**

परिजनों का कहना है कि दलित नाबालिग के अगवा होने की सूचना थाने में देने के बावजूद समय रहते उचित और ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिसके चलते यह जघन्य वारदात हुई। शव मिलने की सूचना के बाद पूरे शहर में तनाव का माहौल बन गया। पुलिस प्रशासन ने बताया कि नाबालिग लड़की से जुड़े इस मामले में गुमशुदगी, बलात्कार एवं हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग प्रशासन के समक्ष रखी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले के हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। घटना के विरोध में सर्व समाज के लोगों ने मोर्चरी के बाहर धरना-प्रदर्शन किया, जो लगातार जारी है। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, निष्पक्ष जांच तथा पीडति परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।

मोर्चरी स्थल पर उपखंड अधिकारी हरी सिंह, तहसीलदार पोकरण डालाराम, एडिशनल एसपी प्रवीण कुमार सेन, पुलिस उप अधीक्षक भवानी सिंह, थानाधिकारी भारत रावत सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे और प्रदर्शनकारियों से समझाइश कर शांति व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास किया। धरने में दलित समाज के अध्यक्ष सुरेश नागोरा, युवा नेता राजूराम, पूर्व विधायक साग सिंह भाटी, नगर पालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित, जयकिशन दवे, पूर्व विधायक शैतान सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश व्यास, दलित समाज के वरिष्ठ चेतन राम, के.सी. नागोरा, गणपत गर्ग सहित बड़ी संख्या में सामाजिक एवं राजनीतिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने घटना की कडी निंदा करते हुए पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की। फिलहाल पुलिस प्रशासन पूरे मामले की गहन जांच में जुटा हुआ है तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। पुलिस द्वारा विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। देर शाम तक मृतका के परिजनों व प्रशासन के बीच दिन भर चले लगातार समझौता वार्ता का नतीजा नहीं निकलने से मोर्चरी के बाहर धरना जारी है।

# किराये के मकान में अस्पताल कर्मचारी ने फांसी लगाई

## घटना के समय युवक घर में अकेला था, पत्नी व बच्चे गांव गये हुए थे

**कोटा,** (निसं)। बोरखेड़ा थाना इलाके में जेके लॉन अस्पताल में कार्यरत कर्मचारी ने घर में फांसी का फंदा लगाकर सुसाईड कर लिया। घटना के समय युवक घर में अकेला था, पत्नी व बच्चे गांव गये हुए थे। मृतक अभिषेक मीणा मूल रूप से बारां जिले का रहने वाला था, जो बोरखेड़ा इलाके में किराये से रहता था।

जानकारी के अनुसार अभिषेक जब घर से बाहर नहीं निकला तो मकान मालिक को शक हुआ तो उन्होंने घर में जाकर चेक किया तो घटना का खुलासा हुआ। मकान मालिक ने इसकी सूचना बोरखेड़ा थाना को दी। सूचना मिलने पर पुलिस घर पर पहुंची। बोरखेड़ा थाना अधिकारी अनिल टेलर ने बताया कि मूल रूप से बारां जिले के तुलसा कोटड़ी का रहने वाला अभिषेक कुमार मीणा बालाजी आवास बोरखेड़ा में किराए के मकान में रहता था। घटना के समय घर पर कोई भी मौजूद नहीं था। अस्पताल जाने के लिए अभिषेक मीणा के नहीं जागने पर मकान मालिक को शक हुआ, उन्होंने अभिषेक को आवाज भी दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला, इसके बाद उन्होंने पुलिस को फोन किया था। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। आत्महत्या के पीछे कोई कारण सामने नहीं आया है। मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# नशीला पदार्थ देकर महिला से दुष्कर्म

**सीकर,** (निसं)। सीकर जिले में 35 साल की महिला के साथ रेप का मामला सामने आया है। महिला के गांव के ही रहने वाले युवक ने महिला को नशीला पदार्थ देकर रेप किया। इसके बाद महिला को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। अब महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

ग्रामीण एरिया की रहने वाली 35 साल की महिला ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि गांव के ही रहने वाले एक युवक से उसकी पहचान थी, जो महिला को अपने साथ शहर लेकर गया था। यहां पर खाने-पीने की किसी चीज में आरोपी युवक ने नशीला पदार्थ मिलाकर दे दिया। इसी का फायदा उठाकर आरोपी युवक ने महिला के साथ रेप किया। इसी दौरान आरोपी ने अश्लील वीडियो भी रिकॉर्ड किया। आरोपी ने चार महीने तक महिला को ब्लैकमेल भी किया। आरोपी महिला पर दबाव बनाने लगा कि यदि वह उसके पास नहीं आई तो उसके अश्लील वीडियो को वायरल कर देगा। आरोपी ने दबाव बनाकर कई बार महिला के साथ मारपीट भी की। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है।


Visit us : www.mpuat.ac.in; Mail ID : zdr_arsb@yahoo.com; Mo. No.: 9413044271 / 8209938201

**कृषि अनुसंधान केन्द्र, बांसवाडा,**
(महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर)
दाहोद रोड़, बोरवट फार्म, बाँसवाड़ा(राज.) 327 001

क्रमांक : एफ( )/कृअके/2025-26/255-58 | दिनांक : 27/01/2026

**निविदा सूचना (2025-26)**

कृषि अनुसंधान केन्द्र, बांसवाडा, के लिये कृषि कार्य हेतु पंजीकृत संवेदक/ठेकेदार से अपेक्षित अनुभव क्षमताओं के साथ मासिक कार्य/कार्यानुसार हेतु खुली निविदाएं बंद लिफाफों में आमंत्रित की जाती है। पंजीकृत संवेदक/ठेकेदारों को तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग सील बन्द लिफाफों में देनी होगी। निविदा प्रारूप, सम्पूर्ण नियम एवं शर्ते विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpuat.ac.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। निविदा प्रारूप प्राप्ति की अन्तिम तिथि 05.02.2026 दोपहर 1.00 बजे तक रहेगी। उक्त निविदाएं उसी दिन दोपहर 2.00 बजे तक जमा की जाकर अपराह्न 2.30 बजे कमेटी की उपस्थिति में खोली जावेगी। निविदा प्रारूप जमा करवाते समय कार्य के सामने वर्णित निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा करवानी होगी।

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.) | धरोहर राशि (रू.) | निविदा शुल्क राशि (रू.) |
|---|---|---|---|
| कृषि अनुसंधान केन्द्र, बोरवट, फार्म बांसवाड़ा पर मक्का परियोजना में कृषि कार्य | 3,55,000.00 | 7,100.00 | 500/- |

संभागीय निदेशक अनुसंधान